>

Title : Need to improve healthcare facilities in district hospitals of Robertsganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री पकौड़ी लाल (रॉबर्ट्सगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज (उ0प्र0) के अंतर्गत दो जिले सोनभद्र एवं जनपद चंदौली का चकिया विधानसभा आता है जो नक्सल प्रभावित है। अनूसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े जातियों की संख्या 80 प्रतिशत है। गरीबी एवं भुखमरी है। बीमार पड़ने पर जिला अस्पतालों में ठीक ढंग से इलाज नहीं होता। खून जांच, एक्सरे, इको, एम.आर.ई., एच.आई.वी. इत्यादि जांच का प्रबंध सहित महंगी दवाओं की उपलब्धता नहीं है।

अतः मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए जिला अस्पतालों का उन्नयन मेडिकल कॉलेजों के रूप में दिए जाने हेतु अनुरोध करता हूँ।